सफलताः दिनांक 14 फरवरी, 2023 को सुकमा में 01 लाख के इनामी 04 माओवादियों सहित 34 का आत्सर्मपण:-

राज्य में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा लगातार और योजनाबद्ध अभियानों के परिणामस्वरूप कई शीर्ष माओवादी नेताओं की गिरफ्तारी हुई है और कई ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इसके अतिरिक्त सुरक्षा बल, माओवादी समूहों को हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

2. अभी 03 दिन पहले ही सुकमा (छत्तीसगढ़) के भीतरी क्षेत्रों में स्थित दुब्बामारका में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और छत्तीसगढ़ पुलिस ने एक कैम्प स्थापित किया है, ताकि स्थानीय लोगों का सुरक्षा बलों पर विश्वास जागृत हो। और इसी नए कैम्प में 33 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में 03 माओवादी डिरडो मुदा, हिड़मा और वजाम हिड़मा शामिल हैं जिनके सिर पर 01 लाख रुपये का इनाम था। पहले गुमराह हुए इन माओवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया।

3. 201 कोबरा ने एक अन्य बड़ी सफलता प्राप्त की जिसके प्रयासों के कारण एक माओवादी आत्मसमर्पण के लिए राजी हुआ और इस 01 लाख के इनामी माओवादी मडवी वागा ने सुकमा जिला मुख्यालय में सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। यह एक जनमिलिशिया कमांडर था जो 2016 में माओवादी समूह में सम्मिलित हुआ और चिंतलनार और जगरगुंडा में सक्रिय था।